संसद सदस्यों ने महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 02 अक्टूबर, 2021: प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी तथा लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की अगुवाई में संसद सदस्यों ने आज महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्ट जनों में मंत्रियों समेत अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य भी शामिल थे। लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

संसद के केंद्रीय कक्ष में महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 28 अगस्त, 1947 को किया था और श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा ने 2 अक्टूबर, 1993 को किया था।